शब्द भारती (हिंदी संसाधन केंद्र) की शीर्ष प्रबंधन मंडल की बैठक संपन्न

गुवाहाटी/29 मार्च: शब्द-भारती (हिंदी संसाधन केंद्र), गुवाहाटी की शीर्ष प्रबंधन मंडल की वार्षिक बैठक रविवार को एनआईआरडी कार्यालय, खानापारा गुवाहाटी के सभागार में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र के विभिन्न सदस्यों ने भाग लिया और संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। बैठक का उद्देश्य हिंदी भाषा, राजभाषा हिंदी एवं अनुवाद के प्रचार-प्रसार, कार्यान्वयन व शिक्षण प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाना तथा सूचना प्रौद्योगिकी व एआइ का नवीनतम पहल करना था।

अपने प्रारंभिक संबोधन में अध्यक्ष प्रोफेसर अनंत कुमार नाथ ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि शब्दभारती हिंदी के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में और भी व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे।

वहीं, शब्द भारती के सचिव ने अपने वक्तव्य में आगामी कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की और संगठन की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।
बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए सात नई योजनाओं पर विचार-मंथन हुआ और प्रस्ताव पारित किए गए। उपस्थित सदस्यों ने संस्थान की गतिशीलता को और तेज करने के लिए सुझाव परामर्श दिए और प्रस्ताव रखे।

पूरे कार्यक्रम को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पावरपॉइंट प्रस्तुति एवं हाइब्रीड मोड के जरिए प्रभावशाली और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित सभी सदस्यों को जानकारी लेने, समझने व साझा करने में सुविधा हुई। अंत में बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

******